F.Y.B.A (I) / Hindi

Q.P. Code : 00696

Revised Course

[समय: ३ घंटे] [अंक:१००]

Please check whether you have got the right question paper.

सूचना: १. सभी प्रश्न अनिवार्य है |

२. उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक / उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए|

प्र.१. निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए| २०

अ) "अब नहीं आती पुलिन पर प्रियतमा,
श्याम तृण पर बैठने को, निरुपमा |
बह रही है ह्रदय पर केवल अमा;
मैं अलक्षित हूँ, यही|"

अथवा

"वर्षा ऋतु की स्निग्ध भूमिका
प्रथम दिवस आषाढ़ मास का
देख गगन में श्याम घनघटा
विधुर यक्ष का मन जब उचटा |"

आ) "कौन कहता है वेसलिन दवा है? अरे उसने हाथ में दवा लगा दी और घाव आप ही अच्छा हो गया | वह अंग्रेज बन बैठा डॉक्टर और उसका नाम हो गया |"

अथवा

"मैंने उत्तर दिया, मनुष्य मनुष्य को भाई ही तो कहेगा | उसने मुझे समझाया, बहुत भोले हो | आगे किसी राज-कर्मचारी को भाई मत कहना | वह मनुष्य होने में अपनी अप्रतिष्ठा समझता है |"

प्र.२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | २६

क) 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' कविता में नारी मन कि पीड़ा का गरिमामय चित्रण हुआ है | स्पष्ट कीजिए |

अथवा

'सुख-दुःख' कविता के माध्यम से कवि क्या समझाना चाहते है | सोदाहरण समझाइए |

ख) अकबरी लोटा निबंध का व्यंग्य समझाइए |

अथवा

ठंड आजादी समाजवाद निबंध का उद्देश स्पष्ट कीजिए |

प्र.३. निम्नलिखित में से **किसी एक** सामान्य प्रश्न का उत्तर दीजिए | १४

१. 'गीत-अगीत' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते है? समझाइए |

२. अंगद का पाँव निबंध का व्यंग्य समझाइए |

TURN OVER

D95A17ED277C858A9C92D363039C7017

प्र.४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए | १०

ग) 'जो बीत गई' कविता का भावार्थ |

अथवा

'मुनासिब कारवाई' कविता का उद्देश्य |

घ) 'एक रेल सफ़र की बात' पाठ का व्यंग्य |

अथवा

'नया साल मुबारक' निबंध में व्यक्त विचार |

प्र.५. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए | १०

१) कवि के अनुसार अब पुलिन पर कौन नहीं आती है |

२) कवि पन्त निरंतर क्या नहीं चाहते है |

३) यशोधरा को किस बात का दुःख है |

४) कालिदास से कविता के कवि का नाम क्या है |

५) कवि भवानीप्रसाद मिश्र के अनुसार शाम होते ही खिड़की पर कौन आती है |

६) लालाझाऊलाल को निचे की दुकान से कितना किराया मिलता था?

७) हीरोजी किस पाठ के पात्र है?

८) हमारे नेता अपने सिर पर सेहरा बाँध कर किसे घर लाए है?

९) लेखक के अनुसार पुराने साल का मुँह कैसा है?

१०) सुदामा के अनुसार खुरचन का क्या अर्थ है?

प्र.६. च) आपके मित्र राकेश को गृहप्रवेश के अवसर पर आमंत्रित करने हेतु निमंत्रण पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए | १०

अथवा

शिवाजी महाविद्यालय, तिलक नगर, अलीबाग में हिंदी अध्यापक का पद रिक्त है | अपने आप को योग्य उम्मीदवार मानते हुए आवेदन पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए |

छ) कोष्ठक कि सुचना नुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | १०

ज) वाक्य परिवर्तन कीजिए | **(कोई दो)**

१. तुम जानते न थे, यह झूठ है | (सामान्य वाक्य)

२. क्या तुम कल पुस्तक पढ़ रहे थे | (विधि वाक्य)

३. तुम अवश्य सफल हो जाओगे | (निषेधार्थक वाक्य)

४. क्या तुम मैदान में खेल रहे थे? (विस्मयादिबोधक वाक्य)

झ) वाक्य शुद्ध लिखिए | **(कोई दो)**

१. सरकार ने लगन वसूल कर ली |

२. शिला ने सब गहने उतार फेंका |

३. कुत्ते के चार पैर और दो आँख थी |

४. आपको यह मिठाई कैसा लगा |

ट) काल परिवर्तन कीजिए **(कोई दो)**

१. नारद को दया आ जाती है | (पूर्ण भूतकाल)

२. मै सरकारी दप्तर जा रहा हूँ | (सामान्य भविष्यकाल)

३. नारद उस बाबु के पास जायेंगे | (सामान्य भूतकाल)

४. मेरे पडोसी ने ठीक कहा है | (अपूर्ण वर्तमान काल)

ठ) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए | **(कोई दो)**

१. करम   २. आशीरवाद   ३. उदघाटन   ४. सिता

ड) निम्नलिखित मुहावरों और कहावतो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए | **(कोई दो)**

१. अगर-मगर करना |

२. दिमाग चाटना |

३. काला अक्षर भैंस बराबर |

४. नीम हाकिम खतरे जान |